हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 1 मई 2026

06 बस स्टैंड से बाजार तक पानी के लिए दर-दर...

09 ग्राम पंचायत सेहराई में कलेक्टर मालवीय ने रात्रि में चौपाल...

नगर के इवेंट

नीट 2026 परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

गुना । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा नीट (यूजी) 2026 परीक्षा 3 मई 26 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले के 05 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा होगी, जिसमें कुल 1,770 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा कंट्रोल रूम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया हैं। कंट्रोल रूम के प्रभारी प्राचार्य श्री बी.के. तिवारी रहेंगे। आवश्यकता पडऩे पर दूरभाष क्रमांक 07542-251639 पर संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम 02 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक तथा 3 मई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यरत रहेगा।

मुख्यमंत्री संबल योजना, गुना के 219 श्रमिक परिवारों को 4 करोड़ 98 लाख की राहत राशि

गुना । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुवार को भोपाल से मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत राज्य के 27,167 श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुना जिले के 219 श्रमिक परिवारों को रूपये 4 करोड़ 98 लाख की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के जीवनस्तर में सुधार हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रामेश मालवीय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, संबल योजना से जुड़े हितग्राही उपस्थित रहे।

सिविल अस्पताल आरोन में हीट क्लीनिक शुरू

गुना। भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सिविल अस्पताल आरोन में हीट क्लीनिक का संचालन शुरू किया गया है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एन. भिलवारे ने अपनी टीम के साथ क्लीनिक का निरीक्षण कर इसकी शुरुआत की। इस दौरान डॉ. महेश कुमार राजपूत, डॉ. अविनाश रघुवंशी, डॉ. कमल मीना, डॉ. राजू मजूमदार और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर भूपेंद्र श्रीवास्तव मौजूद रहे। अस्पताल में यह व्यवस्था इसलिए की गई है। ताकि गर्मी और लू से प्रभावित मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। डॉ. भिलवारे ने बताया कि इस मौसम में लापरवाही से स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतना जरूरी है। धूप में खाली पेट बाहर न निकलें और हमेशा पानी साथ रखें। दिन में 12 से 3 बजे के बीच धूप से बचें। मिर्च-मसालेदार और बासी भोजन से परहेज करें। तेज धूप और गर्म हवा में ज्यादा देर तक न रहें और बच्चों को धूप में खेलने से बचाएं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे लू से बचाव के उपाय अपनाएं और जरूरत पड़ने पर तुरंत अस्पताल में संपर्क करें।

आरटीई प्रवेश का दूसरा चरण शुरू

गुना। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का दूसरा चरण शुरू हो गया है। इस चरण में नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे, केवल पहले से आवेदन करने वाले अभिभावक ही शामिल होंगे।जिनका सत्यापन शेष है, वे 4 से 9 मई तक जनशिक्षा केंद्र पर सत्यापन कराकर स्कूल चॉइस अपडेट कर सकते हैं। 20 मई को लॉटरी होगी, इसके बाद 10 जून तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी।शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से समय पर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

घंटों अंधेरे में डूबा रहा शहर बिजली विभाग के मेंटेनेंस की पोल खुली

आंधी बनी आफत:पेड़ गिरने से डीपी में लगी आग फिर रात भर रही बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बीती रात तेज आंधी ने शहर में कहर बरपा दिया। परशुराम चौक क्षेत्र में एक बड़ा पेड़ गिरने से विद्युत डीपी में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे अचानक आग भड़क उठी। घटना ने आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद जो शहर की रात कांटो भरी गुजरी इसका असर दूसरे दिन भी देखने को मिला लोग समय पर अपने काम पर नहीं पहुंच पाए क्योंकि उन्हें पूरी रात गर्मी अंधेरा उमस और मच्छरों के बीच जाग कर जो बितानी पड़ी थी।

फायर ब्रिगेड की तत्परता से टली बड़ी घटना

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। वहीं, गिरे हुए पेड़ को हटाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया और कुछ ही समय में मार्ग को साफ कर आवागमन सामान्य कर दिया गया।

रात भर अंधेरे में तड़पता रहा शहर

हालांकि आग पर नियंत्रण मिल गया, लेकिन बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आधे से ज्यादा शहर रात भर अंधेरे में डूबा रहा और लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ी। सुबह होने के बाद ही बिजली सप्लाई बहाल हो सकी।

भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों का हाल बेहाल हो गया। उमस और मच्छरों ने रात को और भी कष्टदायक बना दिया। हालात ऐसे रहे कि लोगों को पूरी रात जागकर काटनी पड़ी, मानो किसी सजा का सामना कर रहे हों।

मेंटेनेंस के दावों की पोल खुली

बिजली विभाग द्वारा साल भर मेंटेनेंस के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। एक आंधी ने ही व्यवस्था की पोल खोल दी और शहर को घंटों अंधेरे में धकेल दिया।जिम्मेदार मौन, जनता परेशानघटना के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। हालात ऐसे हैं मानो अधिकारियों ने मुंह में दही जमा लिया हो, जबकि आम जनता परेशानियों से जूझ रही है।नेताओं की चुप्पी पर उठे सवालजनता का आरोप है कि जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग कराह रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही।हर दूसरे दिन कटौती, आखिर कब सुधरेगी व्यवस्था?स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग हर दूसरे दिन रात के समय बिजली कटौती हो रही है, जिससे लोगों की नींद हराम हो रही है। सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता इस अव्यवस्था का खामियाजा भुगतती रहेगी?

वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: अंतर्राज्यीय शिकारी गिरोह का पर्दाफाश

देर रात दबिश देकर पांच शिकारी पकड़े, वन्यजीवों का मांस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बीनागंज वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय शिकारी गिरोह के पाँच सदस्यों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात करीब 3:30 बजे की गई, जब आरोपी जंगल में अवैध शिकार की तैयारी में थे।

मुखबिर की सूचना पर सटीक घेराबंदी

वन परिक्षेत्राधिकारी सौरभ द्विवेदी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध सफेद स्कॉर्पियो वाहन में कुछ लोग हथियारों के साथ चौपचा वन क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही वन अमले ने कुम्भराज और बीनागंज टीम के साथ ग्राम चौपना के पास नाकाबंदी कर घेराबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोक लिया।तलाशी में मिला शिकार का पूरा जखीरावाहन की तलाशी के दौरान वन विभाग की टीम भी हैरान रह गई। गाड़ी से अत्याधुनिक 30.06 बोर की दूरबीनयुक्त राइफल, 7 जिंदा कारतूस, 2 खाली खोखे, छुरियां, कुल्हाड़ी और मांस काटने के औजार बरामद किए गए। इसके साथ ही नीलगाय, हिरण और भेड़की (हिरण की प्रजाति) का मांस, कटे हुए अंग और कलेजी भी बरामद हुई।

भोपाल के निवासी निकले सभी आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोइल अली, तनवीर, फरहत खान, मोहसिन और सागर सिंह के रूप में हुई है, जो सभी भोपाल निवासी बताए जा रहे हैं। वन विभाग ने इनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गंभीर धाराओं में मामला दर्ज, नेटवर्क की जांच जारी

आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 3, 41, 42, 50, 51 एवं 52 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वन विभाग अब यह जांच कर रहा है कि यह गिरोह कब से सक्रिय था और इसके तार किन-किन क्षेत्रों तक जुड़े हुए हैं।

वन अमले की तत्परता से मिली बड़ी सफलता

इस पूरी कार्रवाई में वन परिक्षेत्राधिकारी सौरभ द्विवेदी के नेतृत्व में रामबाबू मलालिया, सुखजीत दोहरे, पवन सहरिया, पंकज राजपूत, जितेन्द्र भिलाला, पदम भील, निशांत जैन सहित कई वनकर्मियों की अहम भूमिका रही। विभाग ने पूरी टीम की सराहना की है।

वन्यजीवों पर बढ़ते खतरे के बीच सख्त संदेश

इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि वन विभाग अब अवैध शिकार के खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है। अंतर्राज्यीय गिरोह की गिरफ्तारी से वन्यजीव तस्करी और शिकार पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

गुना पीजी कॉलेज में आदि गुरु शंकराचार्य व्याख्यान माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत आदि गुरु शंकराचार्य व्याख्यान माला का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज, गुना में किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि तुलसीदास विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसीदास द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्रीमती मंजूषा सालोमन ने अतिथियों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक प्रमोद रघुवंशी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि तुलसीदास ने अपने संबोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके दर्शन, विभिन्न मत-पंथों तथा चारों वेदों के महत्व के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र ने सभी उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, सीएमसी, डीपी, छात्र मेंटर्स एवं परामर्शदाता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बदरवास में सुनार ने खुद को गोली मारी 8-10 लाख रुपए का बैग गायब होने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पड़ोसी जिले शिवपुरी के बदरवास कस्बे में एक सुनार द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय संदीप सोनी, पिता जगदीश सोनी के रूप में हुई है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है।परिजनों के अनुसार संदीप सोनी की ज्वेलर्स की दुकान है और वह अपने घर पर थे, तभी उन्होंने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत बदरवास अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई सत्यम सोनी ने बताया कि वह दुकान पर बैठे थे, तभी उन्हें घटना की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि बैग में रखी रकम के गायब होने की जानकारी उन्हें नहीं है, हालांकि क्षेत्र में 8 से 10 लाख रुपए के बैग के गायब होने की चर्चा चल रही है।बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में दो बेटियां हैं। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। इस संबंध में सीएसपी प्रियंका मिश्रा ने बताया कि गोली मारकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना से पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा लाभ

गुना। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान युवक-युवतियों के लिए "शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026" लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करना है।इस योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें आवास एवं भोजन की व्यवस्था पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, गुना द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से 11 मई 2026 तक पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभागीय कार्यालय में की जा सकती है।अधिकारियों ने बताया कि यह योजना जिले में पहली बार लागू की जा रही है और इससे युवाओं को रोजगार एवं भर्ती अवसरों में सहायता मिलेगी।

कार्यशाला से अनुपस्थित रहने पर गुना सीएमओ को नोटिस, आयुक्त ने 2 दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने गुना नगर पालिका की प्रभारी सीएमओ एवं डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भोपाल में 16–17 अप्रैल को "शहरी नियोजन, विकास एवं सुधार" विषय पर आयोजित कार्यशाला में बिना अनुमति अनुपस्थित रहने को गंभीर अनुशासनहीनता माना गया है। विभाग के अनुसार, कार्यशाला में उपस्थिति अनिवार्य थी, बावजूद इसके संबंधित अधिकारी शामिल नहीं हुईं और पूर्व अनुमति भी नहीं ली गई।नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यह आचरण शासकीय दायित्वों के प्रति लापरवाही और नियमों का उल्लंघन है। सीएमओ को 2 दिन के भीतर तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सूत्रों के मुताबिक नोटिस के बाद मंजूषा खत्री भोपाल रवाना हो गईं। वहीं, पहले से चल रहे प्रशासनिक विवादों के बीच इस कार्रवाई से नगर पालिका में हलचल तेज हो गई है।

प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा

गुना में आज से जनगणना 2027 का प्रथम चरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियां के संबंध में भोपाल से जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक कार्तिकेय गोयल ने सभी जिलों के अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी किशोर कुमार कन्याल, जिला जनगणना अधिकारी अखिलेश कुमार जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि 1 मई 2026 से पूरे मध्यप्रदेश में जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित करेंगे, जिसमें मकान की स्थिति और परिवार की सुविधाओं से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक निगरानी रखेगा। जिला स्तर पर भी कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा बैठक लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को अपने स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य को जिले में दो सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गर्मी को देखते हुए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सुबह 08 से 12 बजे और शाम 04 से 07 बजे के बीच ही काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें अपने साथ पानी की बोतल, गमछा आदि रखने की सलाह भी दी गई है।जिले में सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को परिचय पत्र और नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं। साथ ही उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए मिलने वाले मानदेय को उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

गुनिया नदी पुनरुत्थान योजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण, बोट क्लब से राजस्व सृजन की रूपरेखा तैयार

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गुनिया नदी के पुनरुत्थान, सौंदर्यीकरण, बोट क्लब विकास एवं भूजल संवर्धन परियोजना पर विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीपीआर का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसकी कुल अनुमानित लागत 80.22 करोड़ रुपये बताई गई। प्रस्तावित योजना के तहत नदी के दोनों किनारों पर कंक्रीट दीवार निर्माण, वर्षा जल प्रबंधन, 2.5 मीटर चौड़ी सड़क, इंटरलॉकिंग टाइल्स, 5 गेटयुक्त स्टॉप डेम, 4 फुटब्रिज, घाट निर्माण एवं जल निकासी व्यवस्था जैसे कार्य शामिल हैं। गोविंद गार्डन क्षेत्र में पुलियों की ऊंचाई बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा गया है।योजना के पार्ट-बी में बोट क्लब विकसित किया जाएगा, जिससे नौकायन शुल्क, फूड जोन, पार्किंग, विज्ञापन, इवेंट एवं प्रवेश शुल्क जैसे माध्यमों से राजस्व सृजन किया ।

नानाखेड़ी लूट कांड का पटाक्षेप, 5 माह से फरार दो और लुटेरे गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

गुना। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नानाखेड़ी क्षेत्र में करीब 5 माह पहले हुई लूट की वारदात में फरार चल रहे शेष दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।दिसंबर में हुई थी वारदातपूरा मामला 12 दिसंबर 2025 का है, जब ग्राम जमरा निवासी फरियादी राकेश रघुवंशी के साथ नानाखेड़ी क्षेत्र में दो बाइकों पर आए 4-5 युवकों ने मारपीट कर लूट को अंजाम दिया था। कैंट पुलिस ने इस मामले में धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अगले ही दिन आरोपी अनस खां और दो नाबालिगों को पकड़ लिया था, लेकिन दो मुख्य आरोपी तभी से फरार चल रहे थे।घेराबंदी कर दबोचे आरोपीअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 28 अप्रैल 2026 को मिली सटीक सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर 19 वर्षीय नाजिर खां (निवासी हड्डीमील) और 20 वर्षीय तोफिक खां (निवासी खुटियाबद) को दबोच लिया। आरोपी नाजिर के कब्जे से लूट में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई है। बुधवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस सक्रिय कार्यवाही में थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव के साथ उपनिरीक्षक कुशल पाल, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक गोविन्द रघुवंशी और आरक्षक सुरेन्द्र पाल की सराहनीय भूमिका रही।

समाचार संक्षेप

भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट गहराया, अघोषित कटौती और भारी बिल से जनता परेशान

राघोगढ़। नगर में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है, और ऐसे में बिजली व्यवस्था की लचर स्थिति ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता पहले ही जूझ रहे हैं, वहीं अब बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।मंगलवार को बिना किसी पूर्व सूचना के कई बार बिजली कटौती होने से नगरवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से घरों में रहना मुश्किल हो गया, वहीं दुकानदारों और छोटे व्यापारियों का काम भी प्रभावित हुआ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग मीटर रीडिंग के बजाय औसत (एवरेज) बिल जारी कर रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके बिल वास्तविक खपत से कहीं अधिक आ रहे हैं।नगरवासियों ने यह भी कहा कि एक ओर सरकार 100 यूनिट तक कम दर पर बिजली देने का वादा करती है, वहीं दूसरी ओर हकीकत में उन्हें भारी-भरकम बिलों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए, वोल्टेज की समस्या का समाधान किया जाए और बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

मदागन माफी में लोधा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, अर्चना बल्लू चौहान ने दी 15000 की सहायता

चांचौड़ा। ग्राम पंचायत मदागन माफी में लोधा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया।कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुना अर्चना बल्लू चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने सम्मेलन की सराहना करते हुए समिति को 15000 की आर्थिक सहायता राशि भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चौहान ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में एकता और समानता को बढ़ावा देता है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से फिजूल खर्च पर रोक लगती है और जरूरतमंद परिवारों को सहारा मिलता है।उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वह हमेशा समाज के सुख-दुख में साथ खड़ी रहेंगी।इस दौरान उनके पति श्री बल्लू चौहान ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि वह मदागन माफी में नेता नहीं, बल्कि बेटे के रूप में आते हैं।उन्होंने लोधा समाज को अपना परिवार बताते हुए हमेशा सहयोग का भरोसा दिलाया।उनके इस भावनात्मक संबोधन को उपस्थित लोगों ने सराहा।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने अतिथियों का स्वागत किया।सामूहिक विवाह सम्मेलन में कई जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया।समिति के सदस्यों ने सहयोग के लिए अर्चना चौहान का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया गया।इस आयोजन ने क्षेत्र में सकारात्मक माहौल का निर्माण किया।लोधा समाज के इस प्रयास की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।अंत में सभी ने नवदंपत्तियों के सुखमय जीवन की कामना की।

प्यासा आरोन: व्यवस्था पूरी तरह फेल

बस स्टैंड से बाजार तक पानी के लिए दर-दर भटक रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान लगातार नए रिकॉर्ड छू रहा है,नगर में पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार तक शीतल जल की कोई व्यवस्था नहीं होने से आमजन और यात्री पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हालात इतने खराब हैं कि लोग चिलचिलाती धूप में एक-एक बूंद पानी के लिए तरसते नजर आ रहे हैं।नगर के बस स्टैंड पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है, वहीं आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी लोग रोजाना बाजार पहुंचते हैं। लेकिन इतनी भीड़ के बावजूद यहां पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में लोग निजी होटलों और दुकानों से महंगा पानी खरीदने को मजबूर हैं, जिससे गरीब और ग्रामीण वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी के मौसम में नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड और मुख्य बाजार में सार्वजनिक प्याऊ लगाए जाते थे, लेकिन इस बार जिम्मेदारों की लापरवाही साफ नजर आ रही है। न कहीं प्याऊ दिख रही है, न ही ठंडे पानी की कोई व्यवस्था—जिससे राहगीरों, व्यापारियों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।चौंकाने वाली बात यह है कि जहां इंसान प्यास से बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पशुओं के लिए भी पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़कों पर घूम रहे पशु भी प्यास से तड़पते नजर आ रहे हैं, जो नगर परिषद की अनदेखी को उजागर करता है।इस गंभीर संकट के बावजूद नगर परिषद और जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन हैं। जनता की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल मांग की है कि बस स्टैंड, मुख्य बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों और बेजुबान पशुओं को राहत मिल सके।

मुरारी मीना की दुकान के पीछे कमरे में मिला मनोज मीना का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

चांचौड़ा के ग्राम गेहूंखेड़ी की पठार पर मुरारी मीना पुत्र किशन मीना निवासी गेहूं खेड़ी की पठार सामुदायिक भवन के पास मुरारी की दुकान है उसके पीछे एक कमरा है जिसमें मनोज मीना पुत्र रामस्वरूप मीना उम्र 40वर्ष निवासी ग्राम गेहूं खेड़ी काकी मंगलवार बुधवार दरमियान रात्रि में ही किसी व्यक्ति के द्वारा हत्या कर दी और मुरारी के कमरे में बैठने मुद्रा में हत्यारे बैठा चलें गये मनोज मंगलवार की सायं गायब था मनोज का लड़का सुबह छः बजे खोजता हुआ पठार आया तो उसने मुरारी मीना की दुकान के कमरा है जिसमें फाटक होते हुए भी मुरारी कमरे का फाटक खुला था शंका बात यह कि कमरे फाटक है फाटक बंद क्यों नहीं किया कमरे में ताला क्यों नहीं लगाया उस कमरे मनोज मीना के लड़के को मृत अवस्था में मिला जबकि मृतक जेब स्कूटी चाबी और मोबाइल भी मिला चप्पल भी पड़ी मुरारी को पता था कि मनोज आया नहीं तो भी उसने घर वालों को सूचना क्यों नहीं दी अगर समय रहते सूचना मिली होती तो मनोज की मौत टल सकती थी।शव को परिजन निजी वाहन ट्रैक्टर ट्राली से लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए लेकर चांचौड़ा पहुंचे पोस्टमारटम होने के उपरांत राजीव गांधी चौराहे बस स्टैंड बीनागंज पर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगाया थाना प्रभारी नीरज राणा द्वारा एस पी हितिका वासल मोबाइल पर बात करके परिजनों को आश्वासन दिलाया की आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा वहीं मनोज अपने पीछे दो बच्चे हैं गिर्राज मीना वैष्णवी और माता को छोड़ गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

प्रदेश स्तरीय वाहन चेकिंग अभियानः आरोन में सख्ती, नियम तोड़ने वालों के कटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

प्रदेश स्तर पर चल रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत आरोन थाना क्षेत्र में सख्त कार्रवाई देखने को मिली।

थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की।चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग और आवश्यक दस्तावेजों के बिना वाहन चलाने वालों को रोका गया। पुलिस ने मौके पर ही कई चालान बनाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमों का पालन करें।इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चालकों में जागरूकता बड़ी है ।

श्री राम महायज्ञ भैंसाना में रेल विभाग आम रेल यात्रियों को सुविधा दें, रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में प्रस्ताव दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

भोपाल में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। रेल रेल संबंधी उपलब्धियों का विवरण डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने दिया। समिति के सदस्यों का पुष्प कुछ बैठकर स्वागत भी वरिष्ठ मंडल प्रबंधक ने किया।

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने बैठक में लिखित प्रस्ताव देकर उल्लेख किया है कि राघोगढ़ तहसील के ग्राम भैंसाना में श्री राम महायज्ञ का विराट आयोजन आगामी 18 मई से 28 मई तक हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन में 15 से 20 लाख श्रद्धालु पहुंचने की संभावना है।

आपने रेल विभाग से मांग की है कि महायज्ञ के दौरान बीना रुठियाई मेमू ट्रेन को मक्सी या रुठियाई तक बढ़ाया जाए ।

इस मेमू ट्रेन के 24 घंटे में चार फरे चलाए जाएं। बीना नागदा एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज राघोगढ़ स्टेशन पर यज्ञ के दौरान 1 मिनट के बजाय 5 मिनट किया जाए। कोटा से इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज राघौगढ़ रेल स्टेशन को यज्ञ के दौरान अस्थाई रूप से बनाया जाए। आपने यह भी मांग की है कि साडा कॉलोनी राघौगढ़ से गेल विजयपुर जाने वाले मार्ग पर अंडर पास बना देने से जो रेल गेट बंद कर दिया गया है ।

उस रेल गेट को यज्ञ के दौरान खोला जाए। क्योंकि यही मार्ग यज्ञ स्थल पर जाने का प्रमुख सड़क मार्ग है। विजय कुमार जैन ने यह भी मांग की है कि रुठियाई बीना मेमू ट्रेन को शाम के समय भी चलाने के आदेश 25 अप्रैल को हुए हैं इस मेमू ट्रेन का रुठियाई से छूटने का समय रात्रि 8:00 बजे है इंदौर कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को जो गुना , शाढ़ौरा, अशोकनगर, मुंगावली की करते है उन्हें कनेक्टिविटी देने के लिए इस मेमू ट्रेन का समय रात्रि 8:30 बजे रुठियाई से छूटने का किया जाये।

आपने यह भी मांग की है कि रुठियाई जंक्शन पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत 2 वर्ष से चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करा कर लोकार्पण कराया जाए एवं उथियाई स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पेशाब घर का पुन निर्माण कराया जाए।

रुठियाई जंक्शन पर एकमात्र टिकट खिड़की है जिससे अनारक्षित टिकट एवं आरक्षित टिकट जारी किए जाते हैं इस स्टेशन पर एक और टिकट खिड़की खोली जाए।

कांग्रेस ने शहर के सभी 22 वार्डों में टैंकरों से जल प्रदाय करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र के सभी 22 वार्डों मे पानी टेंकर चालू कराने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सी एमओ से की मुलाकात।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह ने बताया कि अशोकनगर शहर नगरपालिका क्षेत्र में पानी की जटिल समस्या व्याप्त है। निरतंर भू-जल का स्तर नीचे गिरता जा रहा है जिससे पेयजल सम्बंधित सभी स्त्रोत बंद पड़े है। इससे आमजन को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अति शीघ्र पानी टेंकर सम्पूर्ण नगरपालिका क्षेत्र में चालू कराए जाये। क्योंकि नगर पालिका परिषद के कई वार्ड तो ऐसे हैं यहां पाइपलाइन नहीं है जिसके कारण लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है जिससे लोगों को जो पानी की समस्या आ रही है उससे लोगों को राहत मिल सके। साथ में संगठन महासचिव सचिन शर्मा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी जिला महासचिव लक्ष्मण बघेल युवा कांग्रेस नेता सचिन त्यागी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डोंगरा सेमरा में विष्णु महायज्ञ का समापन प्रसादी वितरण के साथ किया गया

अशोकनगर। डोंगरा सेमरा में श्री विष्णु महायज्ञ का समापन हुआ और हजारों की संख्या में श्रद्धु भक्त पधारे। पूज्य महाराज जी ने सभी का हृदय से धन्यवाद समर्पित किया।

उन सभी संत-महात्माओं का, जिन्होंने हमें ज्ञान का मार्ग दिखाया। साथ ही सभी आयोजकों, सेवकों और ग्रामवासियों का भी आभार, जिनकी मेहनत और सहयोग से यह यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आइए, हम सब संकल्प लें कि इस यज्ञ से मिली सीख को अपने जीवन में अपनाएंगे, अच्छे कर्म करेंगे और समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा गुरूवार को भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा अशोकनगर जिले के 240 हितग्राहियों को 05 करोड़ 29 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अशोकनगर के 38 हितग्राहियों को 78 लाख रूपये,जनपद पंचायत चंदेरी के 34 हितग्राहियों को 76 लाख रूपये,जनपद पंचायत ईसागढ़ के 54 हितग्राहियों को 121 लाख रूपये,जनपद पंचायत मुंगावली के 66 हितग्राहियों को 140 लाख रूपये, नगरपालिका अशोकनगर के 20 हितग्राहियों को 46 लाख,नगरपालिका चंदेरी के 13 हितग्राहियों को 32 लाख,नगरपरिषद पिपरई के 07 हितग्राहियों को 16 लाख रूपये तथा नगरपरिषद मुंगावली के 02 हितग्राहियों को 06 लाख नगर परिषद शाढौरा के 04 हितग्राहियों को 10 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का कराया गया निराकरण

अशोकनगर। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष दीपक पुत्र राजधर सिंह निवासी ग्राम वायवेनी द्वारा कस्वा अशोकनगर स्थित अपने प्लाट पर अवैध कब्जा होने के सबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके पालन में तहसीलदार अशोकनगर द्वारा मय राजस्व एवं पुलिस वल के मौके पर उपस्थित होकर अनाधिकृत कव्जा हटाकर आवेदक को कव्जा सौंपा गया। जनसुनवाई क्रमांक 20217 दिनांक 10.03.2026 के द्वारा आवेदक दातारी पुत्र विषरू जाटव निवासी ग्राम खैजरा अटारी तहसील शाढौरा के द्वारा प्रार्थी के खेत में रखी मसूर की फसल में आग लगने से आर्थिक सहायता की मांग की गई। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के सबंध में तहसीलदार शाढौरा को तत्काल नियमानसार आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके कम में तहसीलदार शाढौरा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अपने न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0004/ ब-128(1)/2025-26 में दिनांक 23.03.2026 को आदेश पारित कर आर०बी०सी० 6(4) के तहत नियमानुसार राशि 17255/- रू0 स्वीकृत की जाकर सबंधित आवेदक के बैंक खाते में भुगतान की गई।

मां जानकी की रज लेकर पूर्व सांसद पहुंचे अयोध्या

पिपरई। पूर्व सांसद वर्तमान मप्र नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष के पी यादव एवं करीला ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव द्वारा जानकी नवमी पर मां करीला धाम की रज और जल लेकर संकल्प लिया की कार सेवकों के साथ जाकर अयोध्या में भगवान राम से मिलन कराएंग। कल शाम 6 बजे करीब 80 साथियो एवं कार सेवकों के साथ पंडित कैलाशपति नायक जगदीश शर्मा शास्त्री एवं उनकी टीम द्वारा स्वस्ति वाचन मंत्र किया सभी रामभक्तों का डॉ केपी यादव द्वारा तिलक अंग वस्त्र द्वारा सम्मान रवाना किया सुबह राम मंदिर के दर्शन हनुमान गड़ी कनक महल दर्शन के पश्चात शाम ठीक 6.00 बजे मानसरोवर के तट पर जल एवं कलश अर्पण किया गया एवं सभीसरयू मां की आरती में सम्मिलित हुए सभी कार सेवकों ने 1989, 1990, 1992 में हुए के सेवक आंदोलन आंदोलन के अनुभव साझा किया अयोध्या धाम यात्रा की सम्पूर्ण व्यवस्था धनपाल यादव मीठाखेड़ा ने की ।

विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा मां सीता नवमी जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न

अशोकनगर। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा मां सीता नवमी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अंतिम दिवस पर आज एलआईसी ऑफिस के सामने स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र, दुर्गा कॉलोनी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नगर उपाध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष पालक अशोक रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विभाग, जिला, नगर एवं खंड स्तर पर निवासरत समस्त विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बहनों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रजनी शुक्ला एवं एकल अध्यक्ष के रूप में गंगा रघुवंशी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीदी द्वारा की गई। इस अवसर पर पूर्व विभाग संयोजिका मांडवी शर्मा, साधना शर्मा, अंजू दुबे एवं मुस्कान सहित अन्य बहनों ने अपने विचार व्यक्त किए और उपस्थित बहनों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

आवेदक को प्राप्त हुई संबल योजना की राशि

अशोकनगर। कलेक्टर को जिला स्तरीय जनसुनवाई में राज राठौर पिता सुनील जाति राठौर निवासी ग्राम पिपरई तहसील पिपरई द्वारा आवेदक की माता की मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की राशि दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से 2 लाख रूपये की राशि खाते में अंतरित की गई।

वुशू खेल में राजकुमार और मुस्ताक ने मध्य प्रदेश का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश वूशु संघ के सचिव मनोज गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वूशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 24 से 30 अप्रैल तक वडोदरा में नेशनल वूशु जजिंग सेमिनार व परीक्षा का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों के निर्णायकों के साथ मध्य प्रदेश वुशु संघ के द्वारा अधिकृत किए गए अलग-अलग जिलों के वूशु निर्णायकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जिसमें जबलपुर से दिव्यांश गुप्ता, अशोकनगर से एन.आई.एस. वुशू कोच मुस्ताक खान,राजकुमार खरे छिंदवाड़ा से राजेंद्र कहार, सिंगरौली से आशिक रसूल तथा सिवनी से मनीष सतवाने ने सेमिनार में भाग लेकर वूशु जजिंग की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे पूर्व अशोकनगर जिले वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे ने यह उपलब्धी हांसिल कि थी अब वुशू के होनहार सीनियर खिलाड़ियों ने कोच के साथ साथ निर्णयक परीक्षा देकर यह बड़ी उपलब्धियां हांसिल कि हैं इस सफलता पर भारतीय वूशु संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा, सीईओ सोहेल अहमद तथा मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष जयदीप प्रसाद (आईपीएस) जिला वूशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, एवं वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे सहित खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही यह उम्मीद जताई गई कि इनके द्वारा अर्जित ज्ञान एवं अनुभव से मध्यप्रदेश के वूशु खिलाडियों के प्रदर्शन में सुधार होगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

Ph. No. 251122, 252622 (का.), 259957 (अध्यक्ष नि.), 254555 (सी.एम.जी.नि.)

क्रमांक/1271/2026 — गुना, दिनांक 29/04/2026

निविदा विज्ञप्ति क्रमॉक 18 / ई- निविदा / गुनापा, गुना / 2026-27

निविदा विज्ञप्ति सूचना निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। अतः जो ठेकेदार इस कार्य को करने हेतु इच्छुक हों वे अपनी-अपनी ऑनलाईन निविदाएँ म.प्र.न.प्र. एवं वि.वि. एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 एवं 08.11.2025 से प्रभावशील पर कम / अधिक / एसओआर प्रतिशत दर पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	पी.ए.सी. (लाख) ई.एम.डी. (रू) निविदा प्रपत्र की राशि	निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि	1. कार्य की समय अवधि 2. आमंत्रण
1	2026_UAD_503975	नगर पालिका क्षेत्रातर्गत वार्ड क्र. 05 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य ।	1. राशि रू. 19.49 लाख 2. राशि 19500 केवल 3. रू. 5000	02/06/2026	1. तीन माह 2. प्रथम आमंत्रण
2	2026_UAD_503974	नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 33 में सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य ।	1. राशि रू. 21.61 लाख 2. राशि 21610 केवल रू. 5000	02/06/2026	1. तीन माह 2. प्रथम आमंत्रण
3	2026_UAD_503973	नगर पालिका क्षेत्रातर्गत वार्ड क्र 26 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य ।	1. राशि रू. 17.80 लाख 2. राशि 17800 केवल 3. रू. 5000	02/06/2026	1. तीन माह 2. प्रथम आमंत्रण

मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय पत्र क्र. एफ-237/2024/18-2 दिनांक 06/09/2024 का कडाई से पालन किया जावेगा।

शर्तें : 1. डी.एल.सी. निर्माण करने के उपरात तत्समय रोलर चलाना अनिवार्य होगा। 2. डी.एल.सी डालने के उपरांत पीक्यूसी करने से पूर्व काली पॉलिथिन डालना अनिवार्य होगा। 3. पीक्यूसी की ढलाई करते समय कांक्रीट पर निडिल वायब्रेटर एंव प्लेट वायब्रेटर साइड पर चलाना अनिवार्य होगा। 4. पीक्यूसी की ढलाई करते समय कांक्रीट में उपयोग किये जाने वाले एम सेंड (क्रेशर काली सेंड) डस्ट वाला, का उपयोग करना प्रतिबंधित है। 5. अन्य शर्तें का अवलोकन अथवा कार्यालयीन समय में तकनीकी अधिकारी से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। 6. एम30 ग्रेड या एम 20 ग्रेड की कांक्रीट रोड का कार्य प्रारंभ होने के 28 दिन बाद कोर कटिंग कराकर शासन की गाइड लाइन अनुसार शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अथवा शासकीय विभाग से परिक्षण कराकर उक्त द्वारा नियमानुसार राशि संबंधित ठेकेदार को जमा कराना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट प्राप्ति के उपरांत ही बिल भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। नोटः-

1. टेंडर क्रय करने एवं डालने की अंतिम तिथि - 02/06/2026 सांय 5.30
2. टेंडर खोलने की तिथि - 03/06/2026 प्रातः 5.30

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

खबर संक्षेप

पेट्रोल पंप के किनारे मृत अवस्था में मिला व्यक्ति

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत महुआखाडी पेट्रोल पंप के पहले रोड किनारे एक अज्ञात व्यक्ति उल्टी अवस्था में मृत मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

किसान को उपार्जित गेहूं की दिलाई ऑनलाईन पावती

अशोकनगर। गेहूँ उपार्जन केन्द्र विक्रमादित्य वेयरहाउस डुंगासरा सेवा सहकारी समिति रामनगर पर ग्राम अमनचार के कृषक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा गेहूँ की तुलाई करवाई गई है। पोर्टल पर तकनीकी कारण से किसान को गेहूँ उपार्जन की ऑनलाईन पावती प्राप्त नही हो सकी थी। ग्राम सेहराई में आयोजित रात्रि चैपाल में कलेक्टर साकेत मालवीय को कृषक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा आवेदन दिया गया था। कलेक्टर द्वारा कृषक के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए किसान को उपार्जित गेहूँ की ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराकर पावती प्रदान कराई गई।

कुए में डूबने से 23 वर्षीय महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम बडेरा निवासी रविना पत्नि रामराज लोधी उम्र 23 साल कुए के पानी में डूबने से मृत अवस्था में मिली है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

विधिक जागरूकता शिविर एवं बंदियों को बताए अधिकार

अशोकनगर। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के द्वारा एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुम्राची धुर्वे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में गुरुवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल अधीक्षक ललित दीक्षित एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर जानी जमीनी हकीकत

ग्राम पंचायत सेहराई में कलेक्टर मालवीय ने रात्रि में चौपाल लगाई

सुबह जब कलेक्टर दो स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे तब 16 शिक्षक अनुपस्थित मिले, 3 अधिकारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन का आमजन से सीधा जुडाव हेतु रात्रि चैपाल का आयोजन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात्रि को जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत सेहराई में रात्रि चौपाल एवं जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात्रि में कलेक्टर ने ग्राम में चल रही विकास की योजनाओं की जानकारी ली, उसी ग्राम में सुबह जब कलेक्टर उसी क्षेत्र में दो स्कूलों का निरीक्षण करने पहुचें दो स्कूलों में 16 शिक्षक अनुपस्थित मिले, जिसके बाद कलेक्टर द्वारा बीईओ का 15 दिवस का वेतन काटने और डीईओ व डीपीसी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के आदेश जारी किए हैं।

रात्रि चौपाल कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित अधिकारियों द्वारा ग्राम में रात्रि विश्राम कर ग्राम पंचायत के विकास की हकीगत जानी। इस दौरान कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए ग्राम में योजनाओं के क्रियान्वयन,हितग्राहीमूलक योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली गई। ग्रामीणों द्वारा रात्रि चैपाल में समस्याओं, शिकायतों संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये गये। ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में कलेक्टर द्वारा अधिकांश शिकायतों का निराकरण कराया गया। इस दौरान बी.पी.एल, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा निराकरण कराया गया। रात्रि चैपाल में ग्रामीण से लगभग 42 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा रात्रि चैपाल में ग्रामीणों से एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुना। साथ ही ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत सुविधाओं तथा स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि 01 मई से प्रारंभ हो रही जनगणना कार्य हेतु प्रगणकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराये। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

कलेक्टर द्वारा रात्रि चैपाल के आयोजन के पश्चात सुबह ग्राम का भ्रमण कर नल जल योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन की हकीकत जानी। इस दौरान सम्पवेल की पर्याप्त साफ सफाई,घरो तक नल से पानी की पहुंच की जानकारी ग्रामीणों से ली। उन्होंने नालों में टोटी लगाये जाने तथा पानी का अपव्यय रोकने तथा सुव्यवस्थित संचालन के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। जल गंगा सवंर्धन अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यो का किया निरीक्षण।

दो स्कूलों में एक भी छात्र छात्रा नहीं मिले, एक स्कूल में 7 मिले

जिले में पहली बार कलेक्टर की कार्यवाही सामने आई है, अभी तक मैदानी अमला यह समझ रहा था कि जिले के कलेक्टर बाहर नहीं निकलते हैं जिसका फायदा छोटे स्तर के कर्मचारियों द्वारा उठाया जा रहा था लेकिन कलेक्टर ने बता दिया कि जैसा आम जनता समझ रही है वैसे वह नहीं हैं। इसका ताजा उदाहरण स्कूलों के निरीक्षण में देखने मिला। कलेक्टर द्वारा जब ग्राम सेहराई में संचालित शासकीय माधव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय पीएमश्री माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय माधव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 9 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। साथ ही कक्षा 9 से कक्षा 12 वीं तक का कोई भी छात्र-छात्राएं कक्षा में उपस्थित नहीं पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षकों की एक दिवस का वेतन कटौत्रा किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेहराई के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 7 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।

बीईओ का 15 दिन का वेतन काटने, डीईओ और डीपीसी को नोटिस

विद्यालय में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थित दिवस का वेतन कटौत्रा के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विद्यालयों का निरीक्षण एवं निरंतर मॉनिटरिंग नहीं करने पर बीईओ मुंगावली का 15 दिवस का वेतन कटौत्रा करने एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

फावड़ा चलाकर किया श्रमदान

शासन के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक जल संरचनाओं को संरक्षित एवं संवर्धन के कार्य कराये जा रहे है। कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत सेहराई द्वारा अभियान अंतर्गत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों के साथ स्टॉप डेम गहरीकरण में फावडा चलाकर श्रमदान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बेलन नदी पर गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। घाट जीर्णोद्धार, पार्क निर्माण , स्टॉप डेम मरम्मत के लिए सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया।

मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

कलेक्टर साकेत मालवीय ने ग्राम सेहराई में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आरोग्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने ओपीडी संचालन,कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केन्द्र पर मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सभी आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आसपास के आने वाले मरीजों को समय पर समुचित उपचार मिले।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष अजयप्रताप सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला पंचायत सदस्य बाईसाहब यादव, शीतल कलावत, शीला जाटव, भूरिया बाई आदिवासी, यादवेन्द्र सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि बलीसिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं एवं आवश्यकताओं को प्रमुखता से रखा गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सामान्य सभा में कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम राजघाट परियोजना, लोक निर्माण, शिक्षा , मत्स्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में विभागों द्वारा पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन एवं वर्तमान में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में जिले के आदर्श ग्रामों में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था कराये जाने,पशु हाट बाजारों को ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कराये जाने,टीवी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 300 मरीजों को सामान्य सभा के जनप्रतिनिधियों एवं जिला पंचायत द्वारा पोषण किट का वितरण की स्वीकृति दिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक मेंउपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जिले के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य शीतल कलावत द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा पारित न किए जाने पर निंदा प्रस्ताव पेश किया गया जिसको बहुमत से सहमति प्रदान की गई।

बरखेड़ा निवासी 36 वर्षीय युवक की कुएं में गिरने से हुई मौत

अशोकनगर। पिपरई के पास ग्राम बरखेड़ा में चंद्रेश कुशवाहा (चंदा) उम्र 36 वर्ष अपने कुएं में पानी भरने के लिए मोटर चालू करने रात को करीब 9.00 बजे गए तो वहां पर उसका पैर फिसल जाने के कारण वह कुएं में गिर गया। जब परिजन को इस विषय में जानकारी लगी तो वह युवक को लेकर सामुदायिक अस्पताल पिपरई में लेकर आए तो डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित किया एवं पुलिस ने मर्ग कायम कर केस को विवेचना में लिया।

निदेशक जनगणना ने ली चार्ज अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

निदेशक जनगणना भोपाल कार्तिकेय गोयल द्वारा गुरूवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जिले में नियुक्त चार्ज अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनगणना कार्यों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निदेशक जनगणना ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण, प्रपत्रों की उपलब्धता, डाटा संकलन, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग एवं क्षेत्रीय स्तर पर व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि कार्य के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए सतत मॉनिटरिंग एवं फील्ड निरीक्षण आवश्यक है। बैठक में निदेशक ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ कार्य करते हुए जनगणना को सफल बनाएं।

ट्रांसफार्मर में चिंगारी, कुछ ही मिनट में बस्ती राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिछले दिनों ग्राम जसैया में 4 घर में हुई अग्निकाण्ड की घटना के बाद जिला महाप्रबंधक विद्युत ने बताया कि इस संबंध में उप महाप्रबन्धक (सं/सं) संभाग मुंगावली से जांच कराई गई। उपमहाप्रबन्धक (सं/स) मुंगावली जांच के दौरान स्थानीय व्यक्तियों एवं क्षेत्र के लाईन कर्मचारी, सब स्टेशन आपरेटर के बयान लिये गये तथा गौका पंचनामा वनाया गया जिसके अनुसार उक्त दुर्घटना का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्राम जसैया में ग्राम से लगभग 700-800 फीट दूर खेत में दिनांक 28/04/2026 को आग लगने की घटना घटित हुई। उक्त खेत में वीरसिंह यादव, श्रीराम यादव, भगवत सिंह यादव तथा कृष्णपाल यादव अपने मकान बनाकर निवासरत है उक्त खेत पर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वंगला चैराहा से निर्गमित 11 के. व्ही. करीला पंप फीडर से विद्युत प्रदाय होता है। घटना के समय उक्त पंप फीडर पर विद्युत प्रदाय बंद था। उक्त फीडर का संधारण कार्य करने वाले कर्मचारियों ने अपने बयान में स्पष्ट किया है कि घटना दोपहर लगभग 12.00 बजे घटित हुई एवं घटना के समय उक्त फीडर पर विद्युत प्रदाय नहीं हो रहा था। घटना घटित होने के पश्चात ग्रामीणो द्वारा आग बुझाने हेतु मुकेश यादव वाहय स्त्रोत अकुशल कर्मचारी को फोन पर घटना की सूचना देते हुए तत्काल लाईट चालू कराने हेतु कहा गया जिससे कि ट्यूबवैल चला कर आग को युझाया जा सके।

उक्त जानकारी मुकेश यादव वाहय स्त्रोत अकुशल कर्मचारी, गोलू यादव वाहय स्त्रोत कुशल लाईन कर्मचारी एवं अमित कुर्मी वाहय स्त्रोत सब स्टेशन आपरेटर ने अपने लिखित बयान में दी है। बयान में यह भी उल्लेख किया है कि ग्राम जसैया के कचरे के ढेर (घूरे) में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाई गई थी जो कि फैलकर उक्त व्यक्तियों के खेत तक पहुंच गई। इस संबंध में अन्य ग्रामीणो के भी बयान लिये गये जिनमें किसी भी व्यक्ति द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर से आग लगना नहीं बताया गया है तथा उल्लेख किया गया है कि अचानक अज्ञात कारणो से आग लगी है।

उत्साह के साथ चंदेरी में संपन्न हुआ भगवान नृसिंह का प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के प्राचीन श्री नृसिंह मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान नृसिंह का प्रकटोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नृसिंह चैदस के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब अहंकारी राक्षस हिरण्यकश्यप ने वरदान के मद में चूर होकर भक्त प्रहलाद को प्रताड़ित किया, तब भगवान ने खंभ चीरकर आधे नर और आधे सिंह के श्नृसिंहश रूप में अवतार लिया था। चंदेरी के इस प्राचीन मंदिर में इसी कथानक को चरितार्थ करते हुए भव्य झांकी निकाली गई। इस वर्ष आशीष शर्मा ने भगवान नृसिंह का स्वरूप धारण किया।

मंदिर की भव्यता और प्रशासनिक पहल

सैकड़ों वर्ष पुराना यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि विशाल संपत्ति का स्वामी भी है। ज्ञातव्य है कि चंदेरी तहसील और अशोकनगर जिले में मंदिर के नाम 58.25 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। वर्तमान में प्रशासन द्वारा मंदिर ट्रस्ट के पुनर्गठन और जमीनों की आय सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार, 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जन्म की आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन द्वारा मंदिर हित में की जा रही कार्रवाई की सराहना की। मांग की गई कि ट्रस्ट पुनर्गठन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण की जाए। मंदिर की जमीनों से होने वाली आय को सीधे मंदिर के खाते में लाने हेतु सक्षम आदेश पारित करने का आग्रह किया। प्रकटोत्सव के दौरान उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुचारु दर्शन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भक्तों के बीच भव्य प्रसादी का वितरण किया गया। यह उत्सव समाज को यह संदेश देता है कि निश्चल भक्ति करने पर भगवान अपने भक्त की रक्षा हेतु किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी लखन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जालम, नैमी, अतुल, इमरती और सीमा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जालम सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लखनरू आशुरू निशा, रजनी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपौन निवासी सविताबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति सचिन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचबावडी निवासी सौरभ जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक, सुखवीर नंदा, श्रीराम जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरदुआ निवासी रोहित राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र, कुलदीप, राजपूत, ब्रम्हानंद और शिवराज राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जितेन्द्र राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविन्द्र, अरबिन्द डोंगर, रतन सिंह राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बधिया निवासी अश्विनी शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पंचम कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जनकपुर खिरिया निवासी नीतेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राममिलन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ने कहा...

दुनिया में उन्हीं का नाम रहता है जो दुनिया को कुछ देते हैं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

जिंदगी को मात्र गुजराने की जरूरत नहीं है जिंदगी तो गुज़र रही है जिंदगी कुछ कर गुजरने के लिए मिलीं है दुनिया में उन्हीं का नाम रहता है जो दुनिया को कुछ देते हैं। सूर्य को डुवाने की जरूरत नहीं वह तो अपने आप डूब जाता है। इसी प्रकार जिंदगी को हमे जीना है व्याप्त करना है जिंदगी को सूर्य की तरह व्यापक कर दो कि आपकी जिंदगी हर किसी के काम आ जाए हम कितने दूर तक कि बात सुन पा रहे हैं मन को इतना व्यापक करो कि तुम्हारी बात को सुन सकें इतना अच्छा सोचो कि दुनिया हर कोने तक आपकी आवाज पहुंचे सोचो तुम चिंतन कर रहे हो और पड़ोसी सुखी हो जायें उक्त आशय केउद्गार सुधा सागर सभागार में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।



मन्दिर निर्माण का संकल्प लेने के साथ बनेगी धर्मशाला

अशोकनगर मुंगावली के मध्य जिला मुख्यालय से अठारह किलोमीटर दूर स्थित ग्राम अथाईखेड़ा में भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प अशोक नगर जैन समाज के श्रावक श्रेष्ठी निर्मल कुमार अथाईखेडा एवं परिवार जनों ने लिखा इस हेतु मुनिश्री को श्री फल भेंट कर मन्दिर निर्माण की रुप रेखा पर भी चर्चा हुई। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अथाई खेड़ा ऐसा स्थान है जहां हमेशा साधु संत का आगमन होता रहता है। इसलिए श्रावक श्रेष्ठी निर्मल कुमार गिरिश अथाईखेडा एवं परिवार ने भूमि दान के साथ ही मन्दिर निर्माण का संकल्प लिया है और शनिवार को अखाई खेड़ा समाज का प्रतिनिधित्व व महिला मंडल भी पूज्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त करना चाह रहा है। इस दौरान जैन समाज के विपिन सिंघई शैलेन्द्र दददा निर्मल मिर्ची हेमंत टडैया नवीन सर सहित अन्य प्रमुख जनो प्रमुख जन विशेष रूप से उपस्थित थे।

मेरे घर के आगे किसी को कांटा न चुभ जाये वस इतना सा विकल्प हो

उन्होंने कहा कि कौन बनता है जगन्नाथ, कौन बनता जगत गुरु, वह जो सारे जगत की चिंता करता है सारी दुनिया की भलाई चाहता है अपने रास्ते के ही कांटों को न साफ करें जगत के लोगों को भी कहीं कांटों से बचना है। आप लोग जव सड़क पर चलते हैं तो कांटों को देख कर चलते हैं जगत के किसी भी व्यक्ति को कांटा न लग जाए ऐसे भाव बनाये पहले लोग अपने घरों के आगे बहुत दूर तक झाड़ू लगाते थे उसका एकमात्र उद्देश्य रहता था मेरे घर के दरवाजे से निकलने वाले का कहीं पैर गन्दा न हो जाए मेरे घर के आगे किसी को कांटा न चुभ जाये बस इतना सा विकल्प हो जाये।

जव पहाड़ों में भी श्री राम को दुखियों की आवाज सुनाई देती है

भक्त किसी की बात सुने न सुने भगवान को दुनिया की आवाज सुनाना पड़ता है सारी दुनिया श्री राम को क्यों चाहती है तुम्हारे कान अपने लोगों का दुख सुनकर दुखी होते हैं तुम संसार के कितने लोगों के दुःख को सुनकर दुखी होते हो श्री राम जंगल में सीता जी खोज में घूम रहे हैं उन्हें किसी के (विलाप) रोने कि आवाज आती है वह लक्ष्मण से कहते हैं तुम्हें कृधन सुनाई दे रहा है लक्ष्मण कहते हैं हम इतनी जोर जोर से चिल्ला रहे हैं हमारी कोई नहीं सुन रहा और तुम्हारे लिए इन पहाड़ो से दुखी लोगों की आवाज सुनाई दे रही है तव राम चन्द्र जी कहते हैं कि तेरा भ इया को लोग मर्याद पुरुषोत्तम मानते हैं मुझे सुनाना पड़ेगा क्या तुम्हारे कान इतने व्यस्त हैं कि जगत के दुःख को सुन सकें अपनो को सब ही करते हैं जगत के लिए किया तव कोई बात है।

मुरैना जिले के रछेड़ गांव से उज्जैन जा रही थी बारात

बारातियों से भरी बस ब्यावरा में पलटी दूल्हे की दादी समेत 3 की मौत, 19 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

घर में शादी की खुशियां थीं। परिवार के लोग सज-धजकर बारात में शामिल होने के लिए बस में बैठे थे। ढोल-नगाड़ों और हंसी-खुशी के माहौल के बीच मुरैना से उज्जैन के लिए निकली तोमर परिवार की बारात को क्या पता था कि रास्ते में एक दर्दनाक हादसा उनका इंतजार कर रहा है।

गुरुवार सुबह ब्यावरा स्थित काचरी जोड़ के पास बारातियों से भरी बस पलट गई। इस हादसे में दूल्हे की दादी समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र ट्रेवल्स, मुरैना की बस में करीब 70 लोग सवार थे। बस मुरैना जिले के रछेड़ गांव से उज्जैन शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। सुबह करीब 6 बजे जब बस ब्यावरा के काचरी जोड़ के पास पहुंची, तभी चालक को अचानक झपकी आ गई। इसके चलते बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में उतर गई और उछलते हुए दूसरी लेन तक पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस करीब 12 मीटर तक पलटियां खाती रही और फिर जाकर रुकी।

हादसा इतना भयावह था कि बस के अंदर बैठे लोगों में चीख-पुकार मच गई। कई लोग सीटों के नीचे दब गए, तो कुछ खिड़कियों से बाहर जा गिरे। मृतक अंशु उर्फ विष्णु तोमर (25) बस से बाहर जा गिरे थे। वहीं हादसे में दूल्हे की दादी बिटोली देवी (60) गंभीर रूप से घायल हुईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनका पैर कटकर करीब 15 फीट दूर जा गिरा। बाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में अभय तोमर (24) की भी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर और उचित इलाज नहीं मिलने के कारण अभय की जान चली गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी। हालांकि परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस और राहत दल काफी देर से मौके पर पहुंचे। बस में फंसे लोगों को निकालने के लिए काफी देर तक मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन समय पर नहीं पहुंचने से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ और हाईवे से विशेष क्रेन बुलानी पड़ी। घायलों को तत्काल ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद 8 गंभीर घायलों को रेफर किया गया। घायलों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। कई मासूम भी हादसे में घायल हुए, जिनमें 3 साल से 9 साल तक के बच्चे शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही राज्यमंत्री, एडिशनल एसपी केएल बंजारे, ब्यावरा थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ और देहात थाना एसआई गुलाब सिंह धाकड़ अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों का हाल जाना और पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए। इस हादसे ने एक बार फिर लंबी दूरी तय करने वाले ड्राइवरों की थकान, ओवरलोड बसों और सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ परिवार उज्जैन में शादी की तैयारियों में जुटा था, वहीं दूसरी तरफ कुछ ही पलों में खुशियां मातम में बदल गईं। रछेड़ गांव में जैसे ही हादसे और मौतों की खबर पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बारात लेकर निकला तोमर परिवार अब अस्पतालों और पोस्टमार्टम रूम के बाहर अपनों का इंतजार करता नजर आया। जिस बस में शादी के गीत गूंज रहे थे, वही कुछ देर बाद दर्द और चीखों से भर गई।

सेकनपुर पाटलिया घाटा में दिन-रात गरज रही पोकलेन, अधिकारी ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेकनपुर क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार अब बेखौफ होकर फल-फूल रहा है। मीडिया द्वारा लगातार खबरें प्रकाशित किए जाने के बाद भी जिम्मेदार विभाग ने चुप्पी साध रखी है। आलम यह है कि रेत माफियाओं ने न केवल खनिज संपदा को लूट रखा है, बल्कि भारी भरकम मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रालियों के कारण क्षेत्र की सड़कों का अस्तित्व भी खतरे में डाल दिया है। वहीं पाटलिया घाटा पर माफिया द्वारा गांव वालों की निजी जमीन से रेत खुदाई करने लगे हैं। ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो उनको डरा धमका दिया जाता है। आलम यह है कि सेकनपुर और पाटलिया घाटा पर माफिया की दबंगई के आगे प्रशासन और ग्रामीण नतमस्तक है।

दिन-रात चल रही पोकलेन माफियाओं के हौसले बुलंद

सेकनपुर घाट और अब पाटलिया घाटा पर पोकलेन उतार दी है। रेत माफिया इतने बेखौफ हैं की दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक भारी-भरकम पोकलेन मशीनें नदी का सीना छलनी कर रही हैं। दर्जनों की संख्या में ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां और डंपर गांव की सड़कों से गुजर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रेत के इस अवैध परिवहन के कारण पक्की सड़कें अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे आम जनता का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस मामले में खनिज विभाग के अधिकारी को फोन लगाया तो उन्होंने नहीं उठाया।

मुख्य बिंदु

अवैध खननः सेकनपुर में मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन।

सड़कों की दुर्दशाः भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण मार्ग पूरी तरह ध्वस्त।

खतरे में पर्यावरणः नदी के स्वरूप और पर्यावरण को पहुंच रहा है अपूरणीय नुकसान।

ग्रामीणों की निजी जमीन के सामने से खोदी जा रही रेत जिससे ग्रामीणों की जमीन बारिश में धंसने की आशंका।

इनका कहना है...

आपके माध्यम से यह मामला हमारे संज्ञान में आया है। हम तत्काल खनिज विभाग और पुलिस बल को सूचित कर संयुक्त टीम को मौके पर भेजेंगे। हमारे कार्यपालक मजिस्ट्रेट भी नियमित रूप से फील्ड पर रहते हैं, उन्हें भी इस संबंध में त्वरित कार्रवाई और निरीक्षण के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

रामनिवास धाकड़, तहसीलदार, सुठालिया

जल संकट के संकेतः भीषण गर्मी में सूखती जीवनदायिनी कालीसिंध नदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने हालात गंभीर कर दिए हैं। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और मौसम विभाग के अनुसार मई-जून में गर्मी और तेज होने की संभावना है। ऐसे में नगर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी अब सूखने की कगार पर पहुंच गई है।

कुछ समय पहले तक जहां नदी में पानी बहता था, वह अब सूखी धरती और पथरीली चट्टानें नजर आने लगी हैं। लगातार गिरते जलस्तर ने स्थिति को चिंताजनक बना दिया है, जिसका सीधा असर नगर की पेयजल व्यवस्था पर पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी अभी से महसूस की जा रही है, जबकि शहर में भी जलापूर्ति पर दबाव बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल संरक्षण के ठोस उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बढ़ता तापमान, भूजल स्तर में गिरावट और अनियमित वर्षा इस स्थिति के प्रमुख कारण हैं। यदि यही हालात बने रहे, तो कालीसिंध नदी के साथ-साथ आसपास के अन्य जल स्रोत भी प्रभावित हो सकते हैं।

इनका कहना है...

नगर पालिका के पास पर्याप्त पानी है। जून तक नगर वासियों को पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

राजकुमार गिरजे, जल कर शाखा प्रभारी नपा सारंगपुर

धमकी और ब्लैकमेल करने वाले दंपती पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस थाना सारंगपुर अंतर्गत एक दंपती द्वारा झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी संजय पिता बालकिशन जायसवाल निवासी सारंगपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लोकेश पुष्पद और उसकी पत्नी अनिता पुष्पद ने उन्हें ब्लैकमेल करते हुए सात लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। साथ ही पीड़ित को आर्थिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया। बताया गया कि पीड़ित ने अपने एक परिचित के माध्यम से उक्त महिला को काम के सिलसिले में संपर्क कराया था और इसी दौरान उसे घर दिखाने ले जाया गया। इसी बीच आरोपियों ने गलत घटना का आरोप लगाकर दबाव बनाना शुरू कर दिया। पुलिस ने यह भी बताया कि घटना 12 अप्रैल की बताई जा रही है, लेकिन शिकायत देरी से दर्ज कराई गई। इस संबंध में पुलिस ने सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मामला पंजीबद्ध कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

शत-प्रतिशत रहा जिले के दोनों स्कूलों का परिणाम

आईसीएसई 10वीं, 12वीं के रिजल्ट में बच्चों ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) द्वारा गुरुवार को दसवीं एवं बारहवीं के नतीजे घोषित कर दिए गए। जिले में आईसीएसई से संबद्ध दोनों स्कूलों राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल राजगढ़ एवं ब्यावरा के प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

दोनों कक्षाओं में ये विद्यार्थी रहे अव्वल

कक्षा 12वीं के लिए आईसीएसई से जिले में सिर्फ राजगढ़ का राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल संबद्ध है। बारहवीं हेतु कुल 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें सभी शत-प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण रहे। मंथन साहू ने गणित संकाय में 96.25, हर्षिता गुप्ता ने 95.25 एवं निशिका प्रजापति ने 90.50 प्रतिशत के साथ जिले में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह विज्ञान संकाय में मनीषा तंवर प्रथम, विनायक शुक्ला द्वितीय एवं रियांशी खत्री तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह कक्षा 10वीं में राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल के लक्ष्य साहू 95 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम, आराध्या सगर ने 94.4 अंकों के साथ द्वितीय एवं प्रोग्रेसिव हाइट्स ब्यावरा के आर्यन गुप्ता ने 93.6 अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधक फादर अगस्टिन, प्राचार्य सिस्टर टेसलिन एवं प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल संचालक योगेश अग्रवाल एवं स्टाफजनों ने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सारणीः कक्षा 10वीं जिले की मेरिट लिस्ट

विद्यार्थी	प्रतिशत	स्कूल स्थान
लक्ष्य साहू	95.0	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ प्रथम
आराध्या सगर	94.4	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ द्वितीय
आर्यन गुप्ता	93.6	प्रोग्रेसिव हाइट्स, ब्यावरा तृतीय

सारणीः कक्षा 12वीं जिले की मेरिट लिस्ट

गणित संकायः

विद्यार्थी	प्रतिशत	स्कूल स्थान
मंथन साहू	96.25	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ प्रथम
हर्षिता गुप्त	95.25	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ द्वितीय
निशिका प्रजापति	90.50	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ तृतीय

विज्ञान संकायः

विद्यार्थी	प्रतिशत	स्कूल स्थान
मनीषा तंवर	85.25	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ प्रथम
विनायक शुक्ला	84.25	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ द्वितीय
रियांशी खत्री	82.75	राजेश्वर कॉन्वेंट, राजगढ़ तृतीय

सीलबंद वाहनों, बायोमेट्रिक मशीनों एवं पेपर अनलोडिंग की वीडियोग्राफी की जांच

कलेक्टर ने लिया नीट परीक्षा नियंत्रण कक्ष व केंद्रों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा गुरुवार को नीट परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के तहत नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन हेतु उपयोग में लाए जा रहे सीलबंद वाहनों की स्थिति का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने केंद्रों पर स्थापित बायोमेट्रिक मशीनों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उनकी सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रश्नपत्रों के सीलबंद वाहनों से अनलोडिंग के दौरान की जा रही डैशबोर्ड आधारित वीडियोग्राफी की भी जांच की गई, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुरक्षित बनी रहे।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित वाहनों में डैश कैम अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं तथा प्रश्नपत्रों की परिवहन प्रक्रिया के दौरान केंद्र तक निरंतर वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिले के 3 परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कार्यपालन दंडाधिकारी की ड्यूटी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात कोई भी स्टाफ मोबाइल फोन साथ नहीं रखेगा तथा सभी केंद्रों पर जामर अनिवार्य रूप से सक्रिय स्थिति में रखे जाएं।

लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नीट परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी अधिकारी पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुनिश्चित की जाए।

डायल 112 ने महिला को परिजनों से मिलाया

जीरापुर। मध्य प्रदेश शासन की डायल 112 सेवा एक बार फिर आमजन के लिए प्रभावी साबित हुई। बुधवार रात्रि करीब 9:30 बजे एक महिला भटकते हुए पीपल्दा गांव पहुंच गई। महिला के संदिग्ध स्थिति में घूमने पर ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बिना देरी किए महिला से पूछताछ व जांच शुरू की। जांच में महिला की पहचान खेरखेड़ी गांव निवासी, मालवी समाज की सदस्य के रूप में हुई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें मौके पर बुलाया। परिजन आने के बाद महिला को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में डायल 112 के आईडी नंबर 9406 की टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई, जिसमें स्टाफ पायलट मोहन मेवाड़ और एचसी 708 भोलाराम बडेरा शामिल रहे।

चालक रिटायर हुआ तो खुद कार चलाकर घर छोड़ने गए सीईओ

आईएएस ने पेश किया मानवीय संवेदनाओं का सशक्त उदाहरण

राजगढ़। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिटायरमेंट पर सम्मान और मानवीय संवेदनाओं का एक सुंदर उदाहरण राजगढ़ जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने प्रस्तुत किया है। दरअसल, ग्रामीण विकास विभाग में करीब 41 सालों तक सेवाएं देने वाले रमेश चंद्र शर्मा जब 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए, तो जिपं सीईओ गढ़पाले ने रिटायर्ड कर्मचारी को कार की आगे की सीट पर बैठाया और खुद गाड़ी चलाकर उन्हें घर तक छोड़ने पहुंचे।

इस भावुक पल में सेवानिवृत्त हुए चालक शर्मा की आंखें भर आईं। यह पहल भावनात्मक होने के साथ ही प्रेरणादायी भी रही जब एक आईएएस रैंक के अधिकारी ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की वर्षों की निष्ठा और सेवा को इस तरह से सम्मान दिया। इसके पूर्व कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में जिपं सीईओ ने वाहन चालक शर्मा की कार्यनिष्ठा, समयपालन, अनुशासन, समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मायने यह नहीं रखता कि संबंधित कर्मचारी किस ग्रेड का है बल्कि मायने यह रखता है कि सेवाकाल में संबंधित लोकसेवक का विभाग के लिए कितना योगदान और समर्पण भाव रहा है।

सम्मान पाकर भावुक हो उठे चालक शर्मा

रिटायर्ड वाहन चालक ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए ग्रामीण विकास परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इतने सालों से उन्हें इस विभाग से एक परिवार की तरह सहयोग प्राप्त हुआ है। विदाई के दौरान जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

सड़क पर पड़ी मिट्टी बनी खतरा, लोगों ने हटाने की मांग की

दो दुर्घटनाओं में 5 लोग घायल, एक इंदौर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

क्षेत्र में सड़क निर्माण व केबल बिछाने में लापरवाही के चलते हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को सारंगपुर-संडावता मार्ग पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित 5 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। वहीं एक अन्य घटना में बाइक फिसलने से बुजुर्ग घायल हो गया।

लीमाचौहान थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के अनुसार, पहला हादसा हराना जोड़ पर हुआ, जहां बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पाटक्या निवासी धुरीलाल नागर को मामूली चोट आई, जबकि नानूराम नागर के सिर में गंभीर चोट और बद्रीलाल नागर के पैर में चोट आई। तीनों घायलों को सारंगपुर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नानूराम को निजी वाहन से इंदौर रेफर किया गया, जबकि दो अन्य का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है।

दूसरा हादसा भाटखेड़ी जोड़ पर हुआ, जहां बाइक सवार एक युवक और महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। इसी मार्ग पर एक अन्य घटना में पाड़ल्या माता मंदिर के पास कालूखेड़ा निवासी 65 वर्षीय देवनारायण वर्मा की बाइक सड़क पर फैली मिट्टी के कारण फिसल गई, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के दौरान उनके साथ बैठा छोटा बच्चा बाल-बाल बच गया। मौके से गुजर रहे जनपद सदस्य सईद मंसूरी ने घायल को तत्काल वाहन से लीमाचौहान थाने पहुंचाया, जहां से उन्हें अस्पताल भेजा गया।

मिट्टी के ढेर बन रहे हादसों की वजह

बताया जा रहा है कि केबल डालने वाली कंपनी द्वारा सड़क किनारे खुदाई के बाद मिट्टी को हटाया नहीं गया है, जिससे सड़क पर जगह-जगह ढेर लग गए हैं। इन ढेरों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को पहले भी चेतावनी दी जा चुकी है। इसके बावजूद लापरवाही जारी रही तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क से तुरंत मिट्टी हटाई जाए, ताकि और हादसों को रोका जा सके।